# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेल्वे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001
jdajodhpur.rajasthan.gov.in वेब साईट http://email:-jdajodhpur@rajasthan.gov.in phone no- 0291.2612086,0291.2656355 फै 0291.261537

क्रमांकः–डी.सी./जोन पुल/17–18/541 दिनांकः– 16.10.2017

:: अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या : जोन–पुल/01/2017–18 ::

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से निर्धारित प्रपत्र मे ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से निम्न कार्य हेतु (वार्षिक दर संविदा के तहत) ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी। धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत राशि का बैंक ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के नाम से ऑन लाईन निविदा खोलने से पूर्व निम्न विवरण अनुसार प्राधिकरण मे जमा करानी आवश्यक है।

## –महत्वपूर्ण दिनांकों का विवरण–

| विवरण | निविदा की क्र. सं. | दिनांक व समय |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा फार्म की उपलब्धता डाउनलोड आरम्भ होने की दिनांक व समय | 1 | 18.10.2017 सुबह 9.30 बजे से |
| ऑन लाईन निविदा फार्म डाउनलोड समाप्त होने की दिनांक व समय | 1 | 27.10.2017 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 1 | 18.10.2017 सुबह 9.30 बजे से |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 1 | 27.10.2017 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क, धरोहर राशि की मूल प्रति जोन कार्यालय में जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 1 | 30.10.2017 मध्यान्ह 1:30 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा को खोलने की दिनांक व समय | 1 | 31.10.2017 सायं 4.00 बजे |

**निविदा का विवरण निम्न प्रकार है–**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (लाखों में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | जोन कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राधिकरण में ट्रेक्टर मय ट्रोली,मजदुर मय औजार एवं टाटा 407 तथा जे.सी.बी. किराये पर आपूर्ति हेतु। | 20.00 | 40,000/- | 500/- | 1 वर्ष | पुल |

**निविदा की महत्वपर्ण शर्ते निम्नानुसार हैः–**

1. निविदा प्रपत्रों को वेबसाइट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदकों को निविदा को इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वेबसाइट http:/www. eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करानी होगी।
2. निविदा की प्रक्रिया ऑन लाईन होगी।
3. निविदा खोलने की तिथी को किसी कारणवश यदि अवकाश घोषित होता है, तो उसके अगले कार्य दिवस को निविदायें खोली जायेगी।
4. संवेदक को आवश्यकतानुसार वाहन उपलब्ध करवाने होगे।
5. निविदादाता द्वारा निम्नलिखित राशि प्राधिकरण के जोन कार्यालय में निम्न विवरण अनुसार निविदा खोले जाने के समय से पूर्व, जरिये डिमांड,ड्रफ्ट/बैंकर चैक से ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम तिथि तथा समय तक जमा करवाना आवश्यक है।

| क्र.सं. | शुल्क वितरण | शुल्क | भुगतान का प्रकार | देय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा शुल्क | उपरोक्तानुसार | डिमाण्ड ड्रफ्ट/बैंकर चैक | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 2. | धरोहर राशि | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत | डिमाण्ड ड्रफ्ट/बैंकर चैक | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 3. | ई–टेन्डररिंग प्रक्रिया शुल्क | 50 लाख तक 500/– 50 लाख से उपर 1000/– | डिमाण्ड ड्रफ्ट/बैंकर चैक | M.D, RISL, JAIPUR |

6. प्रदत दरें निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (Valid) रहेगी। यदि निविदाकर्ता उक्त अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है, तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।
7. यदि संवेदक के नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नी) कार्य से सम्बंधित जोन अथवा अधीनस्थ कार्यालय में खण्डीय लेखाकार अथवा सहायक अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता स्तर का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो,तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।
8. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एंव बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता को रहेगा। विभिन्न श्रेणी के वाहनो की संख्या अनुमानतः 25 होगी परन्तु इसमें कमी/वृद्धि भी की जा सकती है।

9. वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ.1(1)एफ.डी/जी.एफ.एण्ड ए.आर./2007 दिनांक 30.09.2011 (सर्कुलर नं 19/2011) के अनुसार 50.00 लाख रूपये तक की राशि के कार्यो के लिए 500/– व 50.00 लाख रूपये से अधिक राशि के कार्यो के लिए 1000/– रु की राशि निविदा शुल्क के अतिरिक्त देनी होगी जो डिमाण्ड ड्रफ्ट या बैंकर चैक के रूप में देय होगी। यह डिमाण्ड ड्रफ्ट या बैंकर चैक मैनेजिंग डायरेक्टर, आर.आई.एस.एल. के पक्ष में व जयपुर मे भुगतान योग्य होना चाहिये।

10. नेगोशियेशन की आवश्यकता होने पर ई–मेल व पत्र द्वारा डाक से सूचित किया जायेगा।

11. निविदा शुल्क निम्नानुसार निर्धारित है:–

| | |
|---|---|
| 50 लाख से कम अनुमानित लागत | रूपये 500 |
| 50 लाख से 150 लाख तक अनुमानित लागत | रूपये 1000 |
| 150 लाख से 400 लाख तक अनुमानित लागत | रूपये 2000 |
| 400 लाख से अधिक अनुमानित लागत | रूपये 5000 |

12. निविदादाता को जी.एस.टी. प्रमाण पत्र निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा एवं फाटोप्रति निविदा शुल्क के साथ कार्यालय मे निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा।

13. निविदादाता को उपरोक्त दर्शाये गये जीप/कार/एमयूवी आदि की स्वयं के नाम या किराये पर ली हुई होने का अनुबंध की प्रति एवं आरसी की निविदा के साथ अपलोड करनी होगी तथा फोटोप्रति निविदा शुल्क के साथ कार्यालय मे निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा।

14. ई–टेंडरिंग के लिए निविदा दाता हेतु निर्देश:–

- इन निविदाओं में दिलचस्पी लेने वाले निविदा दाता निविदा प्रपत्रों का इन्टरनेटसाईट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in से देख/ डाउनलोड कर सकते है।
- निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को इन्टरनेट साईट http:/www.eproc.rajasthan .gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाईन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटन सार्टिफिकेट इनफोरमेषन टेक्नोलोजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साईन करने हेतु काम आयेगा। निविदा दाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी सी ए द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदा दाताओं के पास पूर्व में वैद्य डिजिटल सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल लेने की आवश्यकता नही है।
- निविदा दाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसके प्रस्ताव अकेले भौतिक फॉर्म में स्वीकार्य नही होगा।
- इलेक्ट्रानिक निविदा प्रपत्रो को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गयी है।
- कोई भी टेण्डर इलेक्ट्रानिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नही होग।
- टेण्डर के प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचियों को संपूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करें।

15. निविदायें राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अन्तर्गत आमन्त्रित की जाती है। उपर अंकित समस्त प्रावधान/बंधन उस सीमा तक ही लागु होगे जिस सीमा तक दे उस बिन्दु में उल्लेखित अधिनियम एवं नियमो के विरूद्ध नहीं हों।

16. निविदा के साथ अनुलग्नक परिशिष्ट A से D बिन्दु के भाग है जिनकी पूर्ति मय हस्ताक्षर अनिवार्य है।

17. अन्य शर्तें निविदाप्रपत्र में उल्लेखित अनुसार लागु होगी।

उपायुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (पुल)
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर

क्रमांक : एफ38/निविदा/2017–18/

दिनांक :

**प्रतिलिपि वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. निजी सचिव,अध्यक्ष महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
2. निजी सचिव,आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
3. सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
4. निदेशक अभियान्त्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
5. निदेशक वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
6. वरिष्ठ लेखाधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
7. सहायक लेखाधिकारी,प्रथम व द्वितीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
8. अधीक्षण अभियंता, सा.नि.वि./जो.वि.वि.नि.लि./जन स्वा.अभि. विभाग, जोधपुर।
9. अधिशाषी अभियंता जोन– पूर्व/ दक्षिण ए.बी.सी/उत्तर ए.बी.सी/उत्तर /आर.ओ.बी/पी.एच.ई./परियोजना प्रथम/द्वितीय/तृतीय/पश्चिम/विद्युत, जो.वि.प्रा. जोधपुर।
10. कैशियर /नोटिस बोर्ड।
11. सहायक जन सम्पर्क अधिकारी जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर।
12. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निविदा का http://www.eproc.rajsathan.gov.in,www.jdajodhpur.rajasthan.gov.in,www.jodhpurjda.org एवं www.sppp.raj.nic.in की वेबसाईड पर तुरन्त प्रदर्शित (Up Load) करे।
13. ठेकेदार संघ, जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर/ जोधपुर ठेकेदार संघ/ऑल राजस्थान कान्ट्रेक्टर ऐसोसियेशन /ठेकेदार संघ सिवील जे.डी.ए./पी.डब्ल्यू.डी ठेकेदार संघ/............................ ।

उपायुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (पुल)
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर